राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल की उपराष्ट्रपति श्री वैंकया नायडू से शिष्टाचार भेंट

जयपुर,13 सितम्बर। राजस्थान के राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने उपराष्ट्रपति श्री वैंकया नायडू से शिष्टाचार भेंट की। राजस्थान के राज्यपाल का पद संभालने के बाद श्री मिश्र की उपराष्ट्रपति से यह पहली शिष्टाचार भेंट थी। नई दिल्ली के मौलाना आजाद रोड स्थित उपराष्ट्रपति भवन में शुक्रवार को भेंट के दौरान राज्यपाल श्री मिश्र ने उपराष्ट्रपति श्री वैंकया नायडू को शॉल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया। राज्यपाल श्री मिश्र उपराष्ट्रपति के साथ लगभग 20 मीनिट रहे।

राज्यपाल से उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री श्री धर्मपाल सिंह मिले

जयपुर, 13 सितंबर। राजस्थान के राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से उत्तर प्रदेश के पूर्व सिंचाई मंत्री श्री धर्मपाल सिंह ने नई दिल्ली के जोधपुर हाउस में शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल श्री मिश्र से मुलाकात के दौरान श्री धर्मपाल सिंह ने उत्तर प्रदेश पर चर्चा की।

राज्यपाल से महिला सशक्तिकरण पर चर्चा

जयपुर, 13 सितंबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शुक्रवार को नई दिल्ली के जोधपुर हाऊस में महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर के नेतृत्व में राष्ट्रीय महिला जनप्रतिनिधि मंडल ने महिला सशक्तिकरण पर चर्चा की। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विचारों पर आधारित पुस्तक मन की बात की प्रति भी श्रीमती रहाटकर ने राज्यपाल को भेंट की। इस मौके पर भारत सरकार के श्रम मंत्रालय की सलाहकार सदस्य श्रीमती पूजा कपिल मिश्रा व श्रीमती शोभा विजेन्द्र गुप्ता सहित इस प्रतिनिधि मंडल में छः महिला सदस्य मौजूद थी। राज्यपाल श्री मिश्र का इस प्रतिनिधि मंडल ने साफा पहनाकर स्वागत किया और श्रीमद्भागवत गीता और खजूर भी भेंट किये।

हिन्दी दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 13 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने हिन्दी दिवस (14 सितम्बर) पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा है कि ‘‘ राष्ट्रीय चेतना के विकास और विस्तार में हिन्दी भाषा की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। राष्ट्र के साहित्य, कला एवं संस्कृति में हिन्दी भाषा का प्रमुख स्थान रहा है। अब प्रौद्योगिकी में भी हिन्दी की पहचान बन रही है। सूचना तकनीक के इस युग में हिन्दी का प्रचलन बढ़ता जा रहा है। हिन्दी लोकप्रिय भाषा है। राजस्थान में हिन्दी भाषा व्यापक रूप से प्रचलित है। ’’

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल